हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 24 दिसंबर 2023


तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री



4
कुलपति ने किया एनएसएस शिविर का निरीक्षण



**अतिशीघ्र आवश्यकता है**
20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल :- संपूर्ण छत्तीसगढ़
भार्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023
पता:- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस:- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला. भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मोबाइल:-76972-12782

## उपार्जन केन्द्रों में 61 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम

# खरीदी में रफ्तार आते ही केन्द्रों में लगने लगा धान का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में रफ्तार आ गई है। खरीदी में आई तेजी के कारण अब केन्द्रों में धान का अंबार लगने लगा है। आवक के अनुपात में उठाव नहीं होने से उपार्जन केन्द्रों में धान जाम हो रहा है। सप्ताह भर पहले तक 86 हजार 589 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वहीं सप्ताह भर में ही 58 हजार 684 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। अब तक 1 लाख 45 हजार 273 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। उपार्जन केन्द्रों से 83 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हुआ है। वहीं 61 हजार मीट्रिक टन धान अभी भी खरीदी केन्द्रों में जाम है।

गौरतलब है कि 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत की गई है। इसके लिए जांजगीर चांपा जिले में 129 उपार्जन केंद्र बनाए गए है। जिले में इस साल 55 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। शुरूआती दौर में धान की आवक काफी कम थी। दिसंबर माह के पहले पखवाड़े से धान खरीदी की गति तेज हुई है। सप्ताह भर पहले तक 20 हजार 769 किसानों ने 86 हजार 589 मीट्रिक टन धान बेचा था। इसके बाद सप्ताह भर में ही 58 हजार 684 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इस तरह जिले में अब तक 34 हजार 11 किसानों ने 1 लाख 45 हजार 273 मीट्रिक टन धान बेचा है। धान खरीदी में आई रफ्तार के हिसाब से केन्द्रों से उठाव नहीं हो पा रहा। ऐसे में उपार्जन केन्द्रों में धान का अंबार लगने लगा है। अब तक खरीदे गए धान में से 83 हजार 971 मीट्रिक टन धान का ही उठाव हो सका है। वहीं 61 हजार 302 मीट्रिक टन धान अभी भी उपार्जन केन्द्रों में जाम पड़ा है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और कांग्रेस ने धान खरीदी को लेकर कई वायदे किए थे। जिसके कारण किसान नई सरकार के आने का इंतजार कर रहे थे। किसान 3 दिसंबर की मतगणना के बाद धान बेचने की तैयारी में थे, लेकिन अचानक मौसम में आई खराबी के कारण सप्ताह भर तक किसान धान नहीं बेच पाए। मौसम साफ होने के बाद उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने किसानों की भीड़ बढ़ने लगी। सप्ताह भर से धान खरीदी में काफी रफ्तार आ गई है। धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी शासन द्वारा निर्धारित की गई है। ऐसे में बड़ी संख्या में किसान अपना धान बेचने केन्द्रों में पहुंच रहे है। जिस गति से धान की खरीदी हो रही है, उसके अनुपात में उठाव की गति धीमी पड़ गई है। ऐसे में उपार्जन केन्द्रों में धान का अंबार लगने लगा है।



खरीदी केन्द्र में धान जाम।

**करा रहे उठाव**

खरीदी केन्द्रों से धान के उठाव को लेकर गंभीरता बरती जा रही है। लगभग 95 प्रतिशत धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से लगातार धान का उठाव भी किया जा रहा है।

-गजेंद्र सिंह राठौर,
डीएमओ
जांजगीर चांपा

## कार्रवाई...



पामगढ़। स्टेडियम रोड की ओर निर्माणाधीन सड़क में शासकीय भूमि पर किए गये अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण कर बनाए गए मकानों को जेसीबी की मदद से हटाया गया। फोटो : हरिभूमि

# बैंक से लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

## अलग अलग लोगों से की थी 1 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बैंक से लोन दिलाने के नाम पर एक शख्स ने अलग अलग लोगों से 1 लाख रुपए की ठगी की। बलौदा पुलिस ने धोखाधड़ी करने वाले को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बगडबरी निवासी शांति बाई यादव ने 18 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीब 2 वर्ष पूर्व डोंगीपेंड्री निवासी कांशीदास महंत ने उससे संपर्क किया। कांशीदास द्वारा स्टेट बैंक व मंत्रालय रायपुर में जान पहचान होने की बात कहते हुए उसे बैंक से लोन दिलाने की बात कही। कांशीदास ने कई लोगो को बैंक से लोन दिलवाने की बात कहते हुए उसे अपने झांसे में ले लिया। तीन लाख रूपये लोन लेने से डेढ लाख रूपये शासन द्वारा छुट की बात भी कही। इससे शांति बाई उसके झांसे में आ गई। शांति बाई व अन्य तीन लोगो से लोन दिलाने के एवज में कांशीदास ने 25- 25 हजार रूपये ले लिए। कुल 1 लाख रूपये लेने के बाद काशीदास महंत ने लोन नही दिलाया। पैसे मांगने पर पैसा वापस भी नही कर रहा था। इस परशांति बाई ने थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कांशीदास महंत के खिलाफ धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान शांति बाई एवं उसके रिश्तेदारों का कथन लिया गया है। प्रकरण के आरोपी 40 वर्षीय काशीदास महंत को बेलगहना थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसने जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 23 दिसंबर को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी

## खबर संक्षेप

### उद्यानिकी फसलों के बीमा 31 तक करा सकेंगे किसान

**जांजगीर-चांपा।** उद्यानिकी खेती करने वाले जांजगीर चांपा जिले के किसान अपने फसल का बीमा 31 दिसंबर तक करा सकते है। उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक रंजना मखीजा ने बताया कि उद्यानिकी फसल जैसे टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल हेतु पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है।
इस योजना में ऋणी कृषक तथा अऋणी कृषक लाभ ले सकते हैं। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बिमारी अनुकूल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाता है। रबी मौसम के लिये बीमा की अंतिम तिथि 31 नवम्बर निर्धारित की गई है।

### जिले में 25 को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**जांजगीर-चांपा।** जिले के किसानों के बकाया धान बोनस की राशि के भुगतान की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिले में वर्ष 2014-15 में 53 हजार 106 और 2015-16 में 56 हजार 711 किसानों को धान बोनस राशि का पात्र किसानों को 25 दिसंबर को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर वितरण किया जाएगा।

### विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन 24 जनवरी तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु एक अम्ब्रेला योजना ''मिशन शक्ति'' की शुरुआत की है। मिशन शक्ति अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 8 स्वीकृत संविदा पदों जिला मिशन समन्वयक, जेन्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर पीएमएमव्हीवाय, मल्टी टास्क की पूर्ति हेतु आवेदन 24 जनवरी तक कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली बैठक

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस, दो वर्ष के बकाया धान बोनस राशि वितरण एवं कानून व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कोविड-19 वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। कोरोना के संभावित लक्षण वाले लोगो के सैम्पल की जांच प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा संख्या में करने कहा। उन्होंने कोविड-19 के मामले में वृद्धि के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के परिपालन कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाये रखने सहित जुआ-सट्टा, अवैध शराब की बिक्री पर सख्त कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कार्यालय जांजगीर-चांपा के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सहित प्रमुख विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों से वसूले 19 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 58 वाहन चालकों से 19 हजार 3 सौ रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।

जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफलेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना एवं अलग-अलग धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इस दौरान बलौदा में 1 वाहन चालक के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 हजार रुपए का समन शुल्क, थाना सारागांव में 4 वाहन चालकों से 12 सौ एवं यातायात पुलिस द्वारा 53 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 16 हजार 100 रुपए का समन शुल्क लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने के संबंध में समझाईस दी जा रही है।



### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम पोंच का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सावन दास महंत निवासी पोंच ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 5-6 नवंबर की रात्रि में मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस को चोर चोरी कर ले गया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने सुनिल कौशिक निवासी कोसमंदा चांपा को पकड़कर पुछताछ की। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के मोटरसाइकिल को बरामद कर सुनिल कौशिक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया।

### आपसी रंजिश पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** आपसी रंजिश में जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियो को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कोटमीसोनार निवासी प्रार्थी टेकराम शुक्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आपसी रंजिश में रजनीकांत पाठक, रविकांत पाठक, प्रशांत पाठक एवं उसके अन्य साथियों के साथ बेल्ट और डंडा से मारपीट किया था। पुलिस ने आरोपी रजनीकांत पाठक 36 वर्ष, रविकांत पाठक 42 वर्ष और प्रशांत पाठक 18 वर्ष निवासी सीसीआई लाल चौक अकलतरा को भादंवि की धारा 147, 148, 307, 294, 506, 323 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव, शरीर पर चोट के निशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**खास बात**
- सिटी कोतवाली क्षेत्र के कोटन खार का मामला

जिला मुख्यालय जांजगीर के कोटन खार में एक युवक की लाश पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली है। युवक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान है। मृतक की पहचान इंदिरा नगर निवासी अमृत लाल महंत के रूप में की गई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इंदिरा नगर निवासी 20 वर्षीय अमृत दास महंत का शव शनिवार 23 दिसंबर को कोटन खार में एक नीम के पेड़ में फंदे से लटका हुआ पाया गया। स्थानीय लोगों ने जब लाश को देखा तो तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को पेड़ से नीचे उतारा गया। पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक युवक के पास से किसी प्रकार का सुसाइट नोट नहीं मिला है। युवक के सिर पर चोट के निशान मिले है। आस पास शराब के बोतल के टुकड़े भी मिले है। इससे हत्या की संभावना जताई जा रही है। सिटी कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।



फांसी के फंदे पर लटकी युवक की लाश।

### अग्निवीर भर्ती : 2 हजार युवाओं ने उत्तीर्ण की दौड़ परीक्षा

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस लाइन खोखरा जांजगीर चांपा ग्राउंड में अपनी वार्षिक भर्ती रैली आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ के 33 जिलों के युवाओं ने अग्निवीर जी डी ट्रेड, अग्निवीर ट्रेड्समैन ट्रेड अग्निवीर तकनीकी ट्रेड और अग्निवीर क्लर्क ट्रेड में अपना कौशल दिखाई। इस सेना भर्ती में कुल 5 हजार 558 उम्मीदवारों ने अपनी उपस्थिति दी और 2 हजार 1 उम्मीदवारों ने दौड़ पास की है। हवलदार सर्वेक्षक स्वलेखक की भर्ती प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश राज्य के युवा शामिल हुए।

# कार और माजदा की भिड़ंत में पति-पत्नी समेत तीन घायल



घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र के एनएच 49 सड़क में माजदा और कार में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार पति पत्नी घायल हो गए। वहीं पीछे से आ रही स्कूटी सवार युवती भी दुर्घटनाग्रस्त कार से जा टकराई। इससे स्कूटी सवार युवती को भी चोट आई। घायलों को जिला अस्पताल जांजगीर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां कार सवार महिला की हालत गंभीर होने पर बिलासपुर रेफर किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 23 दिसंबर की सुबह कार क्रमांक सीजी 04 पीडी 7062 में वाशु सिदार उम्र 50 वर्ष और उसकी पत्नी स्वीटी सिदार 41 वर्ष जांजगीर से बिलासपुर की ओर जा रहे थे। वही स्कूटी में 25 वर्षीय आकांक्षा भी कार के पीछे जा रही थी। इसी दौरान अकलतरा की ओर से आ रही माजदा 407 से कार की आमने सामने जोरदार भिडंत हो गई। जिससे कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही कार में बैठे पति-पत्नी घायल हो गए। पीछे से स्कूटी में सवार होकर आ रही युवती आकांक्षा भी दुर्घटनाग्रस्त कार से जा टकराई। जिससे उसे भी चोट लगी। कार में सवार महिला स्वीटी अंदर फंसी हुई थी। किसी तरह से उसे कार से बाहर निकाला गया। तीनो घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। स्वीटी को गंभीर चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बिलासपुर रेफर कर दिया। हादसे के बाद माजदा वाहन 407 का चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

## पुल के गड्ढों के कारण बना हुआ था जान का खतरा

# जर्जर शबरी सेतु का आखिरकार शुरू हुआ मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

खबर का असर

दो दशक पुराने शबरी सेतु की हालत जर्जर हो चुकी है। पुल पर बने गड्ढों के कारण आवागमन दूभर हो रहा है। ऐसे में पुल के मरम्मत की मांग की गई थी। हरिभूमि ने भी 22 दिसंबर के अंक में इस आशय की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद सरकारी अमला हरकत में आया और शनिवार 23 दिसंबर को पुल के मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है।

नगर की समस्या को ध्यान देते हुए पांच सूत्रीय समस्याओं को लेकर सर्व हिंदू समाज और नगरवासियों द्वारा तहसीलदार और मुख्य नगर पंचायत अधिकारी शिवरीनारायण को लिखित में शिकायत की गई थी। शिकायत में पांच बिंदुओ का उल्लेख किया गया था। जिसमें से नगर के शबरी पुल में मरम्मत का कार्य शनिवार से शुरू हो गया। काली घाट के पास महानदी शबरी सेतु पुल की मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। पुल की ऊपरी परत को उखाड़ कर मरम्मत की जा रही है। शबरी सेतु पर जगह-जगह दरारें पड़ गई थी। बड़े-बड़े जानलेवा गडढे भी हो गए थे। इन गडढों से पुल निर्माण में लगे सरिया भी बाहर की ओर झांकने लगा था। जिससे शबरी पुल पर हादसे भी होते रहते थे। रायपुर और बलौदा बाजार से बड़ी संख्या में भारी वाहन इसी पुल से होकर बिलासपुर तथा रायगढ़ की ओर जाते है। 768 मीटर लंबे इस पुल का लोकार्पण विद्याचरण शुक्ल ने सन 1997 में किया था। लगभग 26 साल पहले लोकार्पित हुए पुल में बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे व दरारें आ गई हैं। शबरी पुल पर लगातार भारी वाहनों के चलने से पुल की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा था। शबरी पुल से रोजाना सैकड़ों भीमकाय वाहनों की आवाजाही होने से शबरी पुल पर अत्यधिक भार पड़ रहा है। रोजाना जान जोखिम में डालकर हजारों लोग सभी सेतु पार करने पर मजबूर थे। इन बड़े बड़े गड्ढे व दरारों के वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। कभी-कभी बड़े हादसों में लोगों ने अपने परिवार के सदस्यों को खोना भी पड़ जाता था। महिलाओं व छोटे बच्चें को दो पहिया वाहनों में बैठाकर आवागमन करने वाले राहगीरों को सबसे ज्यादा परेशानी होती थी। इस आशय की खबर हरिभूमि में 22 दिसंबर के अंक में प्रकाशित की थी। इसके बाद अब पुल की ऊपरी परत उखाड़ी जा रही है जिसके बाद पुल पर नई परत बिछाई जाएगी। अब मरम्मत के बाद यह समस्या भी खत्म हो जायेगी, जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी




पुल मरम्मत का काम हुआ शुरू।

## खबर संक्षेप

### योजनाओं का लाभ उठाने शिविर में पहुंच रहे लोग

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकासखंड कोरबा के ग्राम मदनपुर एवं बरपाली, विकासखंड कटघोरा के ग्राम भिलाईबाजार एवं केसला, पोडी उपरोडा ब्लॉक के बिंझरा एवं रिंगनिया, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम जोगीपाली और रामपुर, विकासखंड पाली के ग्राम मानिकपुर और मांगामार में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह नगर पालिक निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 बालको और वार्ड क्रमांक 6 पुराना बस स्टैण्ड में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया गया। शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर स्थल पर मोदी की गारंटी प्रचार वाहन के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया।

### 23 से 25 दिसंबर तक ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाएंगे शिविर

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 23 दिसंबर को विकासखंड कोरबा के ग्राम गुरमा में 10 बजे से, चिर्रा में दोपहर 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम रलिया में 10 बजे से और नवापारा में 2 बजे से, पोड़ी उपरोडा ब्लॉक के सरभोका में 10 बजे से, बंजारी में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम चैनपुर में 10 बजे से, बेहरचुंआ मे 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम केराकछार में 10 बजे से और लिटियाखार (नवागांवखुर्द) में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया है। इसी तरह नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत धरमपुर स्कूल मैदान में वार्ड क्रमांक 60 सुबह 10 बजे से, राजेन्द्र प्रसाद नगर वार्ड क्रमांक 28 दशहरा मैदान में दोपहर 2.30 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया जाएगा।

### दिव्यांग बच्चों के खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कोरबा।** समग्र शिक्षा अंतर्गत जिला में दिव्यांग बच्चों का खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अंधरीकछार आत्मानंद स्कूल प्रांगण में कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशानुसार तथा सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिसमे मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी भारद्वाज, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा मनोज कुमार पाण्डेय, एडीपीओ के जीपी भारद्वाज तथा विभिन्न दिव्यांग स्कूलों के शिक्षक, बच्चे तथा पालक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री भारद्वाज ने कहा कि दिव्यांग बच्चे अपने आप को कमजोर न समझें वे अपनी प्रतिभा को हर क्षेत्र में साबित कर सकते हैं।

### एसईसीएल के ड्रिलिंग कैंप कॉलोनी में चोरी की घटनाएं बढ़ी

**कोरबा।** एसईसीएल, ड्रिलिंग कैम्प कॉलोनी में पिछले दो माह के दौरान चोरी की कई घटनाएं होने से कॉलोनीवासी दहशत में आ गए हैं। लगातार हो रही घटनाओं को लेकर कॉलोनीवासियों ने इस संबंध में एक शिकायत पत्र चौकी प्रभारी मानिकपुर को सौंपते हुए चोरी की वारदातों पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायत पत्र में कॉलोनीवासी दिलीप कुमार विश्वास, धनंजय कुमार, अनिल घोष, आनंदराम देवांगन, टीके सिंह आदि ने बताया कि कॉलोनी के कुछ आवासों में असामाजिक तत्वों के द्वारा चोरी के वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है।

### युवक की संदिग्ध मौत जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के टीपी नगर की है, यहां निवासरत नईमुद्दीन अंसारी 35 वर्ष की है। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

## कोरबा जिले को मुख्यमंत्री साय के मंत्रिमंडल में मिली जगह

# लखन ने तय किया पार्षद से कैबिनेट मंत्री तक का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा की सरकार बनने के बाद कोरबा जिले को भी मंत्रीमंडल में स्थान मिला है। कभी पार्षद के रुप में अपना राजनीतिक जीवन शुरु करने वाले कोरबा विधायक लखनलाल देवांगन ने महापौर और कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय कर लिया है। श्री देवांगन ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल को 25 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त देकर चुनाव जीता है।

कैबिनेट मंत्री बन चुके लखनलाल देवांगन का परिचय : लखनलाल देवांगन का जन्म 12 अप्रैल 1962 में हुआ था। उन्होंने बीए प्रथम वर्ष तक की शिक्षा ग्रहण की है। सीधे और सरल व्यक्तित्व के धनी लखनलाल देवांगन अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से ही भाजपा संगठन से जुड़े। वर्ष 1999 में लखनलाल देवांगन ने पार्षद का चुनाव लड़ा। वर्ष 2004 में उन्हें पार्टी द्वारा महापौर का प्रत्याशी बनाया गया। जिसमें जीत हासिल नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर बने। वर्ष 2013 में एक बार फिर पार्टी ने भरोसा जताया तब श्री देवांगन को कटघोरा विधानसभा से प्रत्याशी बनाया गया। श्री देवांगन ने कटघोरा विधानसभा में कांग्रेस के 6 बार के विधायक वरिष्ठ कांग्रेस नेता बोधराम कंवर को हरा कर वहां की राजनीतिक हवा का रुख बदल दिया था। जिसके बाद तात्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के मंत्रिमंडल में लखन देवांगन को संसदीय सचिव बनाकर उन्हे मजबूत स्थान दिया गया। वर्ष 2018 में पार्टी ने उन्हें एक बार फिर लखन देवांगन को कटघोरा से लड़ाया लेकिन राज्य में 15 साल तक रह चुकी भाजपा सरकार के विरुद्ध माहौल ने सफलता से दूर रखा। इसके 5 साल बाद भाजपा ने वर्ष 2023 के चुनाव में सधी हुई रणनीति और जाति समीकरण के आधार पर टिकटों का वितरण किया। इस समय लखन ने दिल्ली में बैठे पार्टी पदाधिकारियों के दिलों में भी राज किया और उनका नाम पहली लिस्ट में फाइनल हो गया। कोरबा विधानसभा से राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को मात देना किसी चुनौती से कम नहीं था लेकिन लखन ने इसे स्वीकार किया और अपनी छवि के बूते पार्टी के सहयोग से यह चुनाव जीत लिया। कांग्रेस सरकार के खिलाफ बने माहौल में कमल खिलाते हुए रिकार्ड 25 हजार 629 मतों से जीत हासिल किए।

### विभाग का बंटवारा होना बाकी



केबिनेट मंत्री पद की शपथ लेते लखनलाल देवांगन।



घर में खुशियों का इजहार करते श्री देवांगन के परिजन।

### समर्थकों ने रायपुर में किया स्वागत



शुक्रवार की दोपहर राजभवन में श्री देवांगन ने कैबिनेट मंत्री पद का कार्यभार ग्रहण किया इसके बाद बधाई देने वालों का तांता लग गया। सैकड़ों की संख्या में कोरबा से रायपुर पहुंचे समर्थको ने श्री देवांगन को फूल माला से लाद दिया। यह सिलसिला काफी देर तक चलता रहा। श्री देवांगन राजभवन से मंत्रालय पहुंचे जहां पर उन्होने मंत्री मंडल के बैठक में हिस्सा लिया। इसके बाद वे अपने निजी निवास स्थान कचना पहुंचे। जहां पर फिर से स्वागत सत्कार का सिलसिला शुरू हुआ। जो देर रात तक चलता रहा। श्री देवांगन शनिवार को सुबह रायपुर से कोरबा के लिए रवाना होंगे।

### मंत्री लखन का कोरबा प्रवास आज, जगह-जगह होगा स्वागत



कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन शनिवार को कोरबा प्रवास पर रहेंगे। शनिवार को रायपुर से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे जहां पर प्रात 11 बजे हिंदू चौक बिलासपुर में स्वागत होगा। इसके पश्चात नेहरू चौक में आतिशबाजी होगी तत्पश्चात उनके 12:30 बजे पाली आगमन होगा जहां पर जनपद कार्यालय के सामने स्वागत होगा। दोपहर 1 बजे चैतमा के बाद कटघोरा आगमन होगा जहां 1:30 बजे उनका स्वागत सत्कार कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाएगा श्री देवांगन दोपहर 2 बजे छुरी पहुंचेंगे। इसके बाद एनटीपीसी में गेट में उनका स्वागत होगा दोपहर 2:30 बजे दरी बस स्टैंड में कार्यकर्ता स्वागत करेंगे उसके बाद 3:15 बजे कोहड़िया चौक में स्वागत सत्कार होगा। इसके बाद 4 बजे अप्पू गार्डन के पास स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया है 4:30 बजे श्री देवांगन का ट्रांसपोर्ट नगर चौक में जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के द्वारा अभूतपुर स्वागत किया जाएगा यहां से खुली गाड़ी में आभार रैली प्रारंभ होगी जो सीतामढ़ी चौक में समाप्त होगी। मीडिया प्रभारी मीडिया मनोज ठाकुर ने बताए की मंत्री श्री देवांगन के कोरबा प्रवास को लेकर के कार्यकर्ताओं सहित आम जनता में खासा उत्साह है और स्वागत रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ता जुट गए हैं।

### सबके चहरे पर खुशी



श्री देवांगन के भाई बहू ज्योति देवांगन ने कहा कि बहुत खुशी की बात है भैय्या आज मंत्री पद का शपथ ले रहे हैं। वो परिवार ही नहीं सारे कोरबावासियों को एक साथ लेकर चलते हैं और सबको एक जैसा समझते हैं। सबके चेहरे पर चमक है सभी बधाईयां देने आ रहे हैं।

### पहले से था विश्वास



लखनलाल देवांगन की बहन सुमती देवांगन ने कहा कि बहुत खुशी हो रही है, भैय्या आज कैबिनेट मंत्री का शपथ ले रहे हैं। हमें पहले से ही विश्वास था कि वे चुनाव में जीत दर्ज करेंगे और उन्हें मंत्री पद भी मिलेगा।

### पूरे शहर में उत्साह



श्री देवांगन की बहू दीपा देवांगन ने कहा कि आज बाबूजी मंत्री पद का शपथ ले रहे हैं। पूरे परिवार में खुशी की लहर व्याप्त है। उन्होंने पार्षद से विधायक और अब कैबिनेट मंत्री तक का सफर तय किया है। यही वजह है कि पूरे शहर के लोगों में उत्साह नजर आ रहा है।

### 24 साल का लंबा संघर्ष

मेहनत और किस्मत इंसान को फर्श से अर्श पर किस तरह पहुंचाती है,इसका एक और उदाहरण कोरबा के लखनलाल देवांगन से देखने को मिला। भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने टिकट दिया तो अपनी लोकप्रियता से पार्षद बने। यहां से उन्होंने राजनीतिक सफर शुरू किया और 24 साल बाद आज प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनकर जिले का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। श्री देवांगन ने कांग्रेस के गढ़ कोरबा विधानसभा में पहली बार रिकार्ड मतों से कमल खिलाया। उनके लिए चुनाव प्रचार की अंतिम सभा लेने आए गृहमंत्री अमित शाह ने 15 नवम्बर 2023 घण्टाघर में जनता से कहा था कि आप लोग लखनलाल को जिताए, इनका राजनीतिक भविष्य उज्ज्वल है।

### कई पदों का किया निर्वहन

श्री देवांगन ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद का भी निर्वहन किया है। इसके पूर्व भी कई मोर्चा प्रकोष्ठों में जिला पदाधिकारी पद का निर्वहन किया है। इसके अलावा राज्य में 4 बार प्रदेश कार्यसमिति पद का निर्वहन किया है। छग शासन में पूर्व संसदीय सचिव भी रहे हैं। साथ ही पूर्व प्रदेश मंत्री व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश प्रभारी भी रह चुके हैं। इसके अलावा पूर्व में लैलूंगा विधानसभा के प्रभारी का दायित्व निर्वहन किया है। वर्तमान में भाजपा पार्टी के छग के दो बार प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व निर्वहन किया है साथ ही वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी मुंगेली के जिला प्रभारी का दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

# सरकारी अस्पताल में नसबंदी के नाम पर पैसा मांगने का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ओर जहां सरकार के द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण के लिए नसबंदी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है तो दूसरी ओर सरकारी अस्पताल में महिलाओं की नसबंदी करने के एवज में उन्हें प्रोत्साहन राशि देने की बजाय उनसे ही रुपए लिए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में संज्ञान लेते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा संबंधित चिकित्सक को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है।

**खास बातें**

- बीएमओ ने जारी किया शोकॉज नोटिस
- शिकायत के बाद अस्पताल स्टाफ का बयान दर्ज

जिले के अंतिम छोर पाली विकासखण्ड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली में विभिन्न ग्रामों की महिलाएं मितानिन के माध्यम से नसबंदी करवाने पहुंची जिनका नसबंदी के एवज में रुपये लिए गए। पाली अस्पताल में ज़िला खनिज न्यास मद से पदस्थ डॉ हेमंत पैकरा ने इनका नसबंदी किया। हितग्राहियों से पूछताछ की गयी तो उन्होने एवं उनके परिजनों ने बताया कि वे मितानिन के माध्यम से नसबंदी करवाने पहुंची है और डॉ पैकरा ने उनका नसबंदी किया है जिसके लिए मितानिन को 2500 रूपए से 5 हजार प्रति व्यक्ति के हिसाब से पैसा दिए हैं। हालांकि शिकायत मिलने पर पाली बीएमओ बी एल रात्रे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और मरीजों और उनके परिजनों से जब पैसे मांगें जाने को लेकर जानकारी जुटाई तो मरीजों ने पैसे दिए जाने से इंकार कर दिया। वहीं मरीज के परिजनों ने दवाईयों व अन्य सामानों के लिए पैसे मांगे जाने की बात कही। फिलहाल बीएमओ ने मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित चिकित्सक व स्टाफ को शोकॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अस्पताल स्टाफ का बयान दर्ज किया गया है। डॉ हेमंत पैकरा का बयान लेना बाकी है। आने वाले दिनों में संबंधित चिकित्सक का बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**शोकाज नोटिस जारी**

नसबंदी के दौरान पैसे मांगे जाने की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचकर जांच की गई है। अस्पताल स्टाफ का बयान दर्ज किया गया है। संबंधित चिकित्सक का बयान दर्ज होना बाकी है। शोकॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जिसके बाद नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।

\- बी एल रात्रे
बीएमओ, पाली

# पीएचई में सेटअप के अनुरुप कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना को मैदानी क्षेत्र में अमलीजामा पहनाने की जिम्मेदारी निभाने वाले पीएचई विभाग का लंबा चौड़ा क्षेत्र होने के कारण राज्य शासन की ओर से अधिकारी कर्मचारियों का सेटअप भी स्वीकृत किया गया। किंतु उसके अनुरुप तकनीकी कर्मचारियों की पदस्थापना नहीं होने का असर विभागीय योजनाओं पर पड़ रहा है। मैदानी क्षेत्रों में चल रहे कार्यों के निरीक्षण के लिए पदस्थ कर्मियों को जूझना पड़ जाता है।

**खास बातें**

- मामला लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
- विभागीय योजनाओं के सुपरविजन के लिए जूझना पड़ता है



पानी टंकी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत तीन सब डिविजन आते हैं। करतला, पाली और कटघोरा के अलावा पीएचई का प्रोजेक्ट भी विभाग के अंतर्गत आता है। जिनके अलग अलग कार्य संचालित हैं। इन कार्यों की देखरेख के लिए राज्य शासन से जो सेटअप जारी हुआ है उसमें 12 सब इंजीनियर के पद स्वीकृत हैं, उसके एवज में दो सब इंजीनियर ही पदस्थ हैं, शेष के पद रिक्त हैं। जबकि केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना का काम ग्रामीण अंचल में चल रहा है। एक बड़े पैकेज की इस योजना अंतर्गत घर घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य है, इस योजना के तहत कार्य भी चल रहा है। कोरबा जिला एक बड़ा दूरस्थ जिला है जिसके ग्रामों की दूरी जिला मुख्यालय से ही 90 से 100 किमी है। ऐसे में इन क्षेत्रों में चलने वाले कार्यों का निरीक्षण एक चुनौतीभरा रहता है किंतु उसके बावजूद पदस्थ कर्मचारियों के द्वारा मैदानी स्थल पर इन योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया जाता है। जल जीवन मिशन के काम बीते एक साल से मैदानी स्तर पर चल रहे हैं जिसके तहत टंकी निर्माण से लेकर पाइप लाइन बिछाने का कार्य शामिल है। ठेका कंपनी के द्वारा उक्त कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। निरीक्षण दो सब इंजीनियर के भरोसे हैं।

### यह है सेटअप

12 सब इंजीनियर के सेटअप वाले जिले में 3 सब इंजीनियर की पदस्थापना एवं एक सब इंजीनियर पर 3 ब्लाकों के 300 करोड़ के 170 कार्यों की जिम्मेदारी है। पीएचई जल जीवन मिशन अमले की कमी से जूझ रहा। पीएचई में उप अभियंता (सब इंजीनियर) के 12 पद स्वीकृत हैं लेकिन उप अभियंताओं को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) के पद पर पदोन्नत कर अन्यत्र जिलों में पदस्थ करने एवं रिक्त पदों की पूर्ति नहीं करने की वजह से विभाग के पास महज 3 सब इंजीनियर ही रह गए हैं। सत्यनारायण कंवर, अभिषेक विश्वकर्मा एवं दुर्गेश्वरी मिश्रा। इनमें सत्यनारायण कंवर करतला सब इंजीनियर के साथ सेंट्रल स्टोर का अतिरिक्त कार्य दायित्व देख रहे। दुर्गेश्वरी मिश्रा पाली सब इंजीनियर के तौर पर पदस्थ हैं। वहीं बात करें सब इंजीनियर अभिषेक विश्वकर्मा की तो ये डिवीजन में पदस्थ हैं इन्हें विभाग ने कोरबा, कटघोरा एवं पोंडी उपरोड़ा सब इंजीनियर का काम दिया गया है।

# सांसदों के निलंबन पर कोरबा में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा द्वारा आज दोपहर 12 बजे से टी पी नगर चौक कोरबा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर इंडिया गठबंधन के 146 सांसदों के निलंबन के फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने केन्द्र सरकार पर जमकर निशाना साधा महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि जब संसद भवन में सांसद सुरक्षित नहीं है। तो देश भर में सुरक्षा की उम्मीद कैसे किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि संसद भवन में विपक्ष को सवाल पूछने नहीं दिया जाता अगर मौका मिल भी जाता है तो सवाल पूछने के बदलें उन सांसदों को निलंबित कर दिया जाता है।

सभापति श्यामसुंदर सोनी ने केन्द्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार को लगता है कि सांसदों को निलंबित करके कांग्रेस पदाधिकारियों को डरा देंगे लेकिन कांग्रेस संगठन ऐसे कार्यवाही से डरने वाले नहीं है। हमने देश की आजादी के लिए लम्बे समय से लड़ाई लड़ी है। इतिहास गवाह है हम देश की आजादी, देश की सुरक्षा, देश के संविधान के लिए हर दम तैयार रहते है। जिला अध्यक्ष सपना चौहान ने कहा कि आज भारत का प्रजातंत्र खतरे में है। ऐसे में हम चुप नहीं रहेंगे हम आखिरी सांस तक देश के लिए लडेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर एवं दुष्यंत शर्मा ने कहा कि सांसद से 146 सांसदों को बाहर क्यों किया गया इस पर किसी ने सवाल नहीं उठाया लेकिन राहुल गांधी ने बाहर किये गये सांसदों के बातचीत को रिकॉर्ड किया उसे सत्ता पक्ष मुद्दा बनाकर अपनी गलती को छिपाने का असफल प्रयास कर लोगों को गुमराह करने पर लगी हैं। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, पार्षद बसंत चन्द्रा, पालूराम साहू, सुख सागर निर्मलकर, रवि चंदेल, पूर्व पार्षद मुकेश राठौर, महेन्द्र सिंह चौहान, सीताराम चौहान, रामगोपाल यादव, देवी दयाल सोनी, श्यामा रामायण दास महंत, विकास सिंह, गिरधारी बरेठ, प्रदीप पुरायणे, राकेश पंकज, गीता गभेल, बच्चू मखवानी, सनंद दास दीवान, अभिनय तिवारी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अवधेश सिंह, बद्री नाथ किरण, गजानंद प्रसाद साहू, पंचराम आदित्य, शशी अग्रवाल, देवीदयाल तिवारी, वेद मित्तल, फुलदास महंत, सीमा उपाध्याय, गौरी चौहान, मनीषा अग्रवाल, पुष्पा पात्रे, माधुरी ध्रुव, नफीसा हुसैन, लक्ष्मी महंत, हमीदुन, त्रिवेणी मिरी, द्रोपदी तिवारी, वेदमति डहरिया, शालू पनरिया, पुष्पा यादव, मधु सिंह, ममता अग्रवाल, एफ डी मानिकपुरी, अमरूदास महंत, रामायण दास दीवान, सहित अनेको कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित थे।




धरना को संबोधित करते कांग्रेस नेता विकास सिंह।


# कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

समग्र शिक्षा जिला अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक सौरभ कुमार तथा सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्याहीमुड़ी में जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा अनुपयोगी सामग्रियों से उपयोगी वस्तुएं बनाकर अपनी प्रतिभा को साबित किया। सभी विकासखण्डों से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों ने जिला स्तर में भाग लिया। उक्त जानकारी जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा मनोज पाण्डेय ने दी। कबाड़ से जुगाड़ में 5 विकास खण्डों से प्रति विकास खण्ड 3 प्रतिभागियों में भाग लिया जिसमे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कृत किया गया,जिसमे सम्बंधित स्कूलों के शिक्षक बच्चे तथा एपीसी समग्र शिक्षा उपस्थित रहे।



* **कोरबा।** जिले में 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 28 जनवरी से 1 फरवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम टीपी नगर व सीएसईबी पूर्व फुटबाल मैदान में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में 20 राज्यों के लगभग 2 हजार प्रतिभागी एवं कोच, मैनेजर, रेफरी आदि सम्मिलित होंगे।









23 Dec-Jash Bhoomi pg 3_Layout 1 12/23/2023 7:27 PM Page 1





# सालार ने तोड़े ऑलटाइम रिकॉर्ड, कमाए 116 करोड़!

**मुंबई।** 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर' बॉक्स ऑफिस पर मोटी कमाई कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक ओपनिंग डे पर सालार, 100 करोड़ से अधिक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर सकती है। सालार ने रिलीज के साथ ही ओपनिंग डे में इतिहास रच दिया है। ऑरमैक्स मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक 'सालारः पार्ट 1- सीजफायर' पहले ही दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। अनुमानित कलेक्शन के मुताबिक 'सालार' पहले दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 116.8 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर सकती है। जिस में से करीब 71.2 करोड़ ग्रॉस तेलुगू से और बाकी 45.6 करोड़ रुपए अन्य भाषाओं से होगा।

## लाइफ Style

# दीपिका

## 'इश्क जैसा कुछ' में ऋतिक संग लगाई आग

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर 'फाइटर' का पहला गाना 'शेर खुल गए' 15 दिसंबर को रिलीज हुआ था, और अब मेकर्स ने नया गाना 'इश्क जैसा कुछ' रिलीज किया है। दीपिका की लुक की वजह से यह गाना रिलीज होते ही सुर्खियां बटोर रहा है। ऋतिक और दीपिका की सिजलिंग केमिस्ट्री, उनके डांस मूव्स और साथ ही दीपिका का ब्लैक बिकीनी अवतार फैंस के दिलों में आग लगा रहे हैं।

गाने का म्यूजिक भी कमाल का है, जिसकी फैंस तारीफ कर रहे हैं। हालांकि इस गाने का फील कुछ कुछ 'पठान' के 'बेशरम रंग' जैसा फील देता है। इश्क जैसा कुछ... यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। रिलीज के दो घंटे के अंदर ही इस गाने को साढ़े छह लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। जहां 'शेर खुल गए' एक पार्टी एंथम था, वहीं 'इश्क जैसा कुछ' एक डांस नंबर है, जिसे सुनते ही कदम अनायास ही थिरकने लगेंगे। फैंस का कहना है कि ऋतिक रोशन ने अपने डांस और दीपिका पादुकोने के साथ सिजलिंग केमिस्ट्री से इस गाने में जान डाल दी है। गाने के हुक स्टेप की भी खूब तारीफ हो रही है। फैंस का कहना है कि इस गाने को जितनी बार सुन रहे हैं, उतना ही यह सिर चढ़ रहा है। यह काफी एडिक्टिव सॉन्ग है। 'इश्क जैसा कुछ' गाना अपने शानदार रोमांटिक ट्रैक, ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जबरदस्त जोड़ी के बीच की दमदार केमिस्ट्री, खूबसूरत नजारे और गहराई से जुड़ने वाले म्यूजिक के साथ दर्शकों के दिलों को दीवाना करता है। विशाल-शेखर, शिल्पा राव और मेलो डी ने इस गाने को अपनी आवाज दी है। वहीं कुमार, मेलो डी और विशाल ददलानी ने लिरिक्स लिखे हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# यौन उत्पीड़न के आरोप

**लॉस एंजिलिस।** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के एक्टर विन डीजल पर उनकी एक्स असिस्टेंट ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। गुरुवार को लॉस एंजिल्स में दायर मुकदमे के अनुसार, एस्टा जोनासन का दावा है कि एक्टर ने अटलांटा में 'फास्ट फाइव' के सेट पर काम करने के दौरान 2010 में उनका यौन उत्पीड़न किया था। उनका दावा है कि 2010 में डीजल ने उन्हें होटल के एक कमरे में दीवार के सटा दिया था और उनके सामने मास्टरबेट किया था।



# ब्रिटनी ने दिखाई घर के अंदर जले हुए जिम की तस्वीर

**लॉस एंजिलिस।** फेमस अमेरिकी सिंगर रहीं ब्रिटनी स्पीयर्स ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। इसमें उन्होंने अपने घर के अंदर की झलक दिखाई है जिसमें कमरे के अंदर सबकुछ जला हुआ दिख रहा है। ब्रिटनी के घर का ये नजारा उनके घर के अंदर जिम का है, जो पूरी तरह से जला हुआ नजर आ रहा है। हैरानी वाली बात ये है कि ब्रिटनी ने कहा है कि इसे किसी और ने नहीं बल्कि उन्होंने खुद जलाया है। हालांकि, यहां बता दें कि ये तस्वीर आज की नहीं बल्कि तीन साल पुरानी साल 2020 में लगी आग की है। इस घटना में उनका होम जिम पूरी तरह से जल गया। 42 साल की ब्रिटनी ने 19 दिसंबर, 2023 को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लॉस एंजिलिस वाली हवेली में जले हुए जिम और कमरे में मौजूद जिम उपकरणों की झलक दिखाई है।



# अनन्या की बात से रोने लगती थी...


**मुंबई।** स्टारकिड अनन्या पांडे और सुहाना खान बचपन से एक अच्छी दोस्त हैं। दोनों एक साथ बड़ी हुई हैं। बहनों की तरह एक-दूसरे के करीब हैं। सुहाना खान की पहली फिल्म 'द आर्चीज' के प्रीमियर में अनन्या उनके साथ ही बैठी थीं, लेकिन अब हमें इन दोनों की एक और खास बात पता चली है। जिसे पढ़ने के बाद दोनों के फैंस ही मंद मंद मुस्कुराने लगेंगे। जी हां, इस बात का खुलासा खुद अनन्या पांडे ने ही किया है। आइए बताते हैं ये मजेदार किस्सा। दरअसल, अनन्या कुछ ऐसा करती थीं, जिससे सुहाना रोने लगती थीं। इसका खुलासा खुद एक्ट्रेस ने किया है। दरअसल, अनन्या अपनी अपकमिंग फिल्म 'खो गए हम कहां' के प्रमोशन में लगी हुई हैं। यह फिल्म भी दोस्ती के ईद-गिर्द घूमती है।



# 'डंकी' का ओपनिंग डे पर बुरा हाल...

**मुंबई।** आखिरकार वो घड़ी आ ही गई, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। बॉक्स ऑफिस पर इस साल के सबसे बड़े क्लैश की। जी हां, हम बात कर रहे हैं शाहरुख खान की 'डंकी' और प्रभास की फिल्म 'सालार' की। 21 दिसंबर को राजकुमार हिरानी की फिल्म रिलीज हुई तो शुक्रवार को केजीएफ और केजीएफ 2 वाले प्रशांत नील की मूवी ने भी सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। आंकड़ों के मुताबिक, शाहरुख खान की डंकी ने पहले दिन महज 30 करोड़ रुपए की ओपनिंग ली है। ये शाहरुख की इस साल की सबसे कम ओपनिंग है। ऐसा लग रहा था कि एसआरके की 'डंकी' पहले दिन रिकॉर्ड बनाएगी, लेकिन एडवांस बुकिंग के आंकड़े बता रहे थे कि ऐसा कुछ नहीं होने वाला है, क्योंकि 'डंकी' की एडवांस बुकिंग सिर्फ 15 करोड़ रुपए के आसपास रही।

## टीवी मसाला



# पूजा बनर्जी ने तोड़ी संस्कारी छवि

**मुंबई।** पूजा बनर्जी का नाम टीवी जगत की फेमस एक्ट्रेस की लिस्ट में जरूर शामिल रहेगा। अपनी कमाल की अदाकारी के अलावा बेबाक खूबसूरती के लिए पूजा काफी जानी जाती हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वालीं पूजा बनर्जी का एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है। जिसमें टीवी एक्ट्रेस अपनी संस्कारी छवि तोड़ती हुईं नजर आ रही हैं। आलम ये है कि पूजा (Puja Banerjee) का ये वीडियो अब इंटरनेट पर सनसनी मचा रहा है। छोटे पर्दे के फेमस शो 'देवों के देव महादेव' में पूजा बनर्जी ने अहम भूमिका अदा की। इस धार्मिक टीवी सीरियल में पूजा ने पार्वती का किरदार अदा किया था, इस रोल के लिए आज भी अभिनेत्री को जाना जाता है। इस बीच पूजा का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें वह संस्कारी छवि तोड़ बोल्ड होती हुई दिखाई दे रही हैं।इस वीडियो को शुक्रवार को पूजा बनर्जी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। पूजा का ये वीडियो उनके लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान का है, जिसमें वह हॉट अवतार में नजर आ रही हैं। अदाकारा के ये वीडियो हॉटनेस से काफी भरा हुआ है। इस वीडियो को देख ये साफ कहा जा सकता है कि टीवी एक्ट्रेस ने बोल्डनेस की सारी हदें पार कर दी हैं।



## अंकिता की मां ने शेयर किया दामाद विकी का वीडियो

**मुंबई।** अंकिता लोखंडे और विकी जैन के रिश्ते को बिग बॉस शो में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दोनों के बीच लड़ाई होती है। इतना ही नहीं हाल ही में अंकिता ने तलाक तक की बात कर दी। अंकिता के इस स्टेटमेंट को सुनकर फैंस हैरान हैं। फैंस को चिंता हो रही है कि कहीं इनका रिश्ता इस शो में टूट ना जाए। अब अंकिता के तलाक के स्टेटमेंट के बीच एक्ट्रेस की मां ने अपने दामाद को लेकर पोस्ट शेयर किया है। अंकिता की मां ने विकी का वीडियो शेयर किया है जिसे विकी के अकाउंट में ही शेयर किया गया है। वीडियो में विकी के मस्ती भरे अंदाज दिख रहे हैं। इस वीडियो को शेयर कर विकी के अकाउंट मे कैप्शन लिखा है, 'यह विकी भैया की पाठशाला है और हम उनसे नोट्स ले रहे हैं कि कूल कैसे बनें।

# मल्टीस्टारर फिल्मों में नहीं काम करना चाहते नए हीरो



**मुंबई।** 'गोलमाल' सीरीज की फिल्मों, 'चेन्नई एक्सप्रेस' और 'सिंघम', 'सिम्बा' और 'सूर्यवंशी' जैसी धमाकेदार फिल्मों के निर्देशक रोहित शेट्टी मानते हैं कि हिंदी सिनेमा अब भी देश के बड़े तबके तक पहुंच नहीं पा रहा है। रोहित का ये भी कहना है कि हिंदी फिल्म जगत के शीर्षस्थ लोगों में एकता नही है और नई पीढ़ी के कलाकार मल्टीस्टारर फिल्मों में काम करने से झिझकते है। एक इंटरव्यू में रोहित शेट्टी याद दिलाते हैं कि पहले दो तीन हीरो के साथ कितनी फिल्में बनती थी। लेकिन, अब के मैनेजर भी ये बात नही समझते और अभिनेताओं को असुरक्षित महसूस करवाते हैं। सलमान खान, शाहरुख खान और अजय देवगन जैसे बड़े कलाकारों ने भी मल्टी स्टारर फिल्मों में काम किया है। 'दृश्यम' इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। रोहित शेट्टी कहते हैं, 'हम सांस्कृतिक तौर पर जुड़े हुए नहीं हैं। अगर हम जुड़ पाएं तो हिंदी सिनेमा एक सशक्त इंडस्ट्री होगी। हम बहुत मजबूत इंडस्ट्री हैं लेकिन हम अपनी कुशलता और शक्ति को पहचानने में असफल हैं। अगर हम साथ आएं तो हम बहुत कुछ कर सकते हैं। दर्शक हमसे प्रेम करते हैं और हम समाज में कई बदलाव ला सकते हैं। हम इस बारे में सोच ही नहीं रहे कि थियेटरों की संख्या को कैसे बढ़ाया जाए। सरकार के साथ मिलकर कैसे बदलाव लाया जाए?



## असल जिंदगी में 'विलेन' निकले जोनाथन

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों में थानोस के बाद कांग को सबसे बड़ा सुपरविलेन बनाने की तैयारी थी। लेकिन एक्स गर्लफ्रेंड से मारपीट और उत्पीड़न के लिए दोषी ठहराए जाने के बाद मार्वल स्टूडियोज ने जोनाथन मेजर्स को बाहर निकाल दिया है। वह अब एमसीयू की किसी भी फिल्म या सीरीज में नजर नहीं आएंगे। जोनाथन मेजर्स को एक्स गर्लफ्रेंड के साथ थर्ड डिग्री मारपीट, दुष्कर्म और उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। मार्वल स्टूडियोज ने जोनाथन को ऐसे वक्त में बाहर का रास्ता दिखाया है, जब वह आगे की कहानी में थानोस से भी बड़े विलन के किरदार में नजर आने वाले थे। जोनाथन के साथ एमसीयू 'एवेंजर्सः द कांग डायनेस्टी' फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा था, जो मई 2026 में रिलीज होने वाली थी। जोनाथन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# मैंने प्यार किया के दौरान प्रेगनेंट थीं भाग्यश्री




**मुंबई।** अभिनेत्री भाग्यश्री ने सूरज बड़जात्या की फिल्म 'मैंने प्यार किया' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके सलमान खान नजर आए थे। यह फिल्म जबर्दस्त हिट साबित हुई थी। इस फिल्म से सलमान और भाग्यश्री दोनों को खूब पहचान मिली थी। भाग्यश्री ने इस फिल्म की शूटिंग के बाद शादी कर ली थी। वह हिमालय दासानी के साथ रिश्ते में थीं और इस फिल्म से स्टार बनने के बाद उन्होंने शादी रचा ली थी। भाग्यश्री ने हाल ही में एक बातचीत में मैंने प्यार किया के दिनों को याद किया। बातचीत के दौरान उन्होंने फिल्म के पोस्टर की शूटिंग के दिनों को याद कर एक किस्सा साझा किया। भाग्यश्री ने बताया कि उस समय वह प्रेगनेंट थीं, लेकिन इस बारे में किसी को नहीं पता था। तो जब वह पोस्टर की शूटिंग के लिए गईं तो सलमान ने उन्हें कहा कि वह मोटी हो गई हैं। अभिनेत्री ने बताया, 'जब मैंने मशहूर फोटोग्राफर गौतम राजदक्ष्य के साथ मैंने प्यार किया के पोस्टर के लिए फोटोशूट किया था, तू मैं पांच महीने की गर्भवती थी।

## नेगेटिविटी झेलने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की

# पठान में दीपिका की बिकिनी से आदिपुरुष तक, इन फिल्मों पर हुए बड़े विवाद

साल 2023 बॉलीवुड इंडस्ट्री के लिए काफी शानदार रहा। पिछले कुछ समय से बॉलीवुड फिल्मों का जादू खत्म हो रहा था, इस साल सब निखरकर आया। कई फिल्में हिट रहीं तो कुछ फ्लॉप भी हुईं। वहीं ऐसी भी फिल्में थीं जिनको लेकर काफी विवाद हुआ। कुछ को बैन करने की भी मांग उठी। हालांकि इनमें ऐसी भी फिल्में हैं जिन्हें नेगेटिविटी झेलने के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की।




### आदिपुरुष

प्रभास स्टारर आदिपुरुष को लेकर फैंस को काफी उम्मीद थी। फिल्म में प्रभास ने राम का किरदार निभाया था और कृति सेनन ने सीता का। हालांकि फिल्म के कुछ सीन, वीएफएक्स और डायलॉग्स से फैंस काफी निराश हुए। कई संगठन ने तो फिल्म को बैन करने तक की मांग की।

### एनिमल

रणबीर कपूर स्टारर एनिमल फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ। फिल्म में ओवर हिंसा, मैरिटल रेप सीन को लेकर कई लोगों ने विरोध किया। सोशल मीडिया पर भी कुछ ने फिल्म को काफी नेगेटिव बताया। हालांकि रणबीर की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी छा गई।








### पठान

शाहरुख खान की फिल्म पठान इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म में से एक है। फिल्म को काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, लेकिन इसके गाने वेशर्म रंग को लेकर काफी बवाल हुआ था। गाने में दीपिका ने भगवा कलर की बिकिनी पहनी थी जिसको लेकर काफी विवाद हुआ।

### द केरल स्टोरी

फिल्म में जबरन धर्म परिवर्तन दिखाया गया और कथित तौर पर दावा किया था कि केरल में लगभग 32,000 महिलाओं को इस्लाम में परिवर्तन किया। फिल्म के अन्य कुछ सीन और डायलॉग भी काफी विवाद हुआ। यहां तक की फिल्म को बैन करने तक की मांग हुई थी।




### ओएमजी 2

अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी स्टारर ओएमजी 2 सेक्स एजुकेशन पर आधारित थी। ट्रेलर में कुछ सीन को लेकर लोगों ने आपत्ती जताई थी जिसके बाद सीबीएफसी ने भी फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट दिया था। अक्षय और पंकज सीबीएफसी के इस फैसले से काफी हैरान थे।

**खबर संक्षेप**

## एसडीएम ने शाखा प्रबंधक केन्द्र प्रभारियों की ली बैठक



**पामगढ़।** एसडीएम आर.के. तंबोली ने शाखा प्रबंधक एवं खरीदी केन्द्र प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने लघु व सीमांत किसानों को टोकन जारी करने में प्राथमिक देने सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा सुशासन दिवस के अवसर लंबित प्रोत्साहन राशि वितरण करने निर्देश दिए। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार शनिवार 23 दिसंबर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पामगढ़ आर. के. तंबोली की अध्यक्षता में शाखा प्रबंधक ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा पामगढ़ एवं समस्त धान ख़रीदी केंद्र की बैठक आहूत की गई। बैठक में एसडीएम श्री तंबोली ने टोकन जारी करने में लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने, बारदाना में स्टेंसिल लगाने एवं सुशासन दिवस के अवसर लंबित प्रोत्साहन राशि वितरण करने एवं कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## विज्ञान प्रदर्शनी में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिर्रा को मिला प्रथम स्थान



**बिर्रा।** संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी संकुल केंद्र बिर्रा में 21 दिसंबर को आयोजित किया गया, जिसमें संयुक्त रूप से बिर्रा, सिलादेही,डी. डी. एस. बिर्रा के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें माध्यमिक विभाग में शा.पू.मा.विद्यालय बिर्रा को प्रथम स्थान मिला। विज्ञान प्रदर्शनी में कु.लक्ष्मी सैनी, कु.सीमा पटेल, कु.ज्योति पटेल कक्षा 8 वीं के द्वारा मनुष्य के उत्सर्जन तंत्र एवं गणित के मॉडल प्रस्तुत किया गया,जो अत्यंत ही आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक रहा। विद्यार्थियों के सहयोग में प्रधान पाठक संतोष कुमार यादव, संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन, शिक्षक तुलेश्वर देवांगन, रश्मि तिवारी, सरोजनी डडसेना, अगास राम कश्यप,घनश्याम देवांगन, नागेश देवांगन का विशेष योगदान रहा।

## ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल के आनंद मेले में बच्चों ने लगाए व्यंजन के स्टॉल



**तुस्मा।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण से लगे ग्राम तुस्मा के ट्रिनिटी कॉन्वेंट स्कूल में आनंद मेला का आयोजन किया गया। आनंद मेला का बच्चों के साथ साथ उनके माता-पिता एवं स्कूल स्टॉफ आनंद उठाया। स्कूल प्रिंसिपल आशीष निशी पटेल ने विद्यार्थियों को कौशल विकास के संबंध में जानकारी दी। आनंद मेला में बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन गुलगुला भजिया, गुपचुप, रसगुल्ला, चाऊमीन, मंचूरियन, समोसा, आलू गुंडा सहित अन्य खाने पीने की चीजों की स्टाल लगाकर बिक्री की गई। आनंद मेला को लेकर बच्चें सुबह से ही खाने पीने से सबंधित सामाग्री बनाने में जुट गए थे। आनंद मेला में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं बच्चों के माता-पिता भी शामिल हुए। बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक खाने की चीजे बनाया था, जो लोगों को काफी पसंद आया। स्कूल की प्रिंसिपल रोशनी आशीष पटेल, आशा नायर मैम,जयप्रकाश राही, स्नेहा केशरवानी, सविता प्रजापति,मेघा यादव, दीक्षा केशरवानी,रमा पटेल प्रियंका प्रजापति, प्रीती शर्मा, संगीता भारती, अनिता सोनवानी ललिता साहू, प्रियंका सोनी, दीक्षा सिंग, ज्योति नायर, ज्योति चौहान दीक्षा ठाकुर, प्राण नाथ निषाद, वृंदा साहू, विजय राही, नरेंद्र वर्मा एवं सभी स्कूल स्टॉफ मौजुद रहे।

### जिला पंचायत सीईओ ने शिविर में लगाए स्टॉल का किया निरीक्षण

# विकसित भारत बनाने का शिविर में हितग्राहियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बलौदा एवं नवागढ़ जनपद पंचायत के विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित करते हुए योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प दिलाया गया। वहीं नागरिकों ने भी विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया। जिला पंचायत सीईओ ने शिविर में लगाए स्टॉल का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



शिविर में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते जिला पंचायत सीईओ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन शनिवार 23 दिसंबर को जिले के बलौदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत डोंगरी, भिलाई, नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मुड़पार और खिसोरा में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए जिन्हें भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया। जिला पंचायत सीईओ आर के खुंटे द्वारा जनपद पंचायत बम्हनीडीह की ग्राम पंचायत खम्हिया में पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही को प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में लगाए गए स्टाल का अवलोकन करते हुए सभी अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सहित विभिन्न विभागों के द्वारा कार्यक्रम में स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' के तहत हितग्राहियों ने योजनाओं के माध्यम से हुए उनके जीवन परिवर्तन की अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश जन-जन तक पहुंचाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आयोजन किया जा रहा है। उपस्थित सभी लोगों द्वारा विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया। ग्रामीणों में शिविर में पहुंचकर पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी दिए। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित जानकारियों से ग्रामीणों को अवगत कराया गया एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

**इन ग्राम पंचायतों में आज पहुंचेगी संकल्प यात्रा**-विकसित भारत संकल्प यात्रा 24 दिसम्बर को जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सलखन, बरभाठा और कचंदा में आयोजित किया जाएगा।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते अधिकारी।

# ब्लैक स्पॉट क्षेत्र के आसपास अभियान चलाकर हटाएं अतिक्रमण, घुमावदार मोड़ लगाएं पर रिफ्लेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने ब्लैक स्पॉट क्षेत्र के आसपास अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने केनिर्देश दिए। साथ ही घुमावदार मोड़, इंटर सेक्शन में रिफ्लेक्टर लगाएं।

- **यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश**

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जरूरी उपायों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान ब्लैक स्पॉट क्षेत्र के आसपास अतिक्रमण हटाने, घुमावदार मोड़, इंटरसेक्शन में अभियान चलाकर रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में ब्लैक स्पॉट पर रोशनी करने, रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने, खराब एवं गड्ढे युक्त सड़को को मरम्मत किए जाने, सड़क दुर्घटनाओं के कारणों संबंध में चर्चा हुई एवं आवश्यक निर्देश दिए। दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में विशेष सांकेतिक लगाने, मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पीडब्ल्यूडी को जिले में निर्माणधीन रोड में प्रगति लाकर जल्द से जल्द पूर्ण करने कहा। दुर्घटना वाले क्षेत्र, सड़क के आसपास तत्काल चिकित्सा सुविधा, एम्बुलेंस प्रदान करने की निर्देश सीएमएचओ को दिए। बैठक में रंबल स्ट्रीप लगाना एवं सड़क किनारे दोनों ओर पेड़ पर रेडियम लगाने कहा। दुर्घटना या यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए नियमानुसार ड्रायविंग लायसेंस निलंबन, निरस्तीकरण करने कहा। उन्होंने सड़को से आवारा मवेशी को अभियान चलाकर हटाने कहा। मुख्य मार्गों में बेतरतीब खड़े वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने कहा। बैठक में कहा कि नियमित रूप से स्कूल, कालेज में एवं चौक चौराहों, व्यस्त मार्गो के समीप सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा, डीटीओ अधिकारी यशवंत यादव, पीडल्यूडी, पीएमजीएसवाय, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# छात्र जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारण जरुरी

**खास बात**

- एमएमआर कॉलेज का सात दिवसीय रासेयो शिविर का हुआ समापन

**चांपा।** शासकीय एम एमआर पीजी महाविद्यालय चांपा का राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय शिविर के समापन के अवसर पर के के जायसवाल, तहसीलदार चांपा, विशिष्ट अतिथि श्री बरेठ, नायब तहसीलदार चांपा, श्रीमती द्रौपदी कन्हैया लाल केंवट सरपंच ग्राम पंचायत उदयबंद, दामोदर प्रसाद शर्मा सभापति जनपद पंचायत बलौदा एवं एम एल दुबे थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे डॉ डी एन बंजारे कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना उपस्थित थे। इस अवसर पर के के जा य स वा ल तहसीलदार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के एतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र जीवन में हमे अपन लक्ष्य बनाकर चलना चाहिए। दामोदर प्रसाद शर्मा ने कहा कि आज हमें बड़ी प्रसन्नता हो रही हैं कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के माध्यम से छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जो काफी प्रेरणा दायक रहा। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे डॉ डी एन बंजारे ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है, समाज सेवा ही सच्चे अर्थों में से वा है। अंत में प्रो विवेक जायसवाल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रंजिता सोनवानी, मालती, आरती, दुर्गेश पटेल,बलदेव सूर्यवंशी, राजकिशोर मिरी, लव कांत कौशल किशोर आदि छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह कार्यक्रम डॉ बी डी दीवान ने निर्देश में संपन्न हुआ।



## कलमी, पोता, केनापाली और धुरकोट में शिविर आज

**सक्ती।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 24 दिसम्बर को ग्राम पंचायत भवन कलमी, अटल चौक पोता, ग्राम पंचायत भवन केनापाली और शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला भवन धुरकोट में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत जनपद पंचायत मालखरौदा के ग्राम पंचायत भवन कलमी में सुबह 10 बजे से एवं अटल चौक पोता में दोपहर 2 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत डभरा के ग्राम पंचायत भवन केनापाली में सुबह 10 बजे से एवं शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला भवन धुरकोट कक्ष क्रमांक 2 में दोपहर 02 बजे से विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने शिविर में शामिल होने वाले ग्रामों में मुनादी कराते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर आयोजन की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं

# कुलपति ने किया एनएसएस शिविर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर का आयोजन 22 दिसंबर को संपन्न हुआ।

शिविर के अंतिम दिवस समापन समारोह में शुक्रवार को शाहिद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ललित प्रकाश पतेरिया एवं श्रीमती डॉ. रेनू पतेरिया निरीक्षण हेतु शिविर में शामिल हुए। उन्होंने शिविरार्थियों से शिविर के संबंध में जानकारी ली और एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर को कई जरूरी निर्देश भी दिए। इसके साथ ही शिविर को सराहा। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में ओड़ेकेरा सरपंच छोटेलाल भारद्वाज शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कॉलेज के प्राचार्य आर.पी. उपाध्यक्ष ने कुलपति समेत अतिथियों का स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि शासकीय नवीन महाविद्यालय हसौद के एनएसएस प्रोग्राम प्रो. ऑफिसर मनोज बंजारे सहा. प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. जीनत पैकरा की दिशा निर्देशन पर सात दिवसीय एनएसएस शिविर ग्राम ओड़ेकेरा मे विधिवत संपन्न हुआ। 16 दिसंबर को शिविर आरंभ हुआ जो 22 दिसंबर शुक्रवार को समाप्त हुआ, शिविरार्थियों के बौद्धिक परिचर्चा के अलग-अलग दिवस अलग-अलग मार्गदर्शक छात्र छात्राओं के बीच पहुंचे। 20 दिसंबर बुधवार को हसौद तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल शिविर में शामिल हुए जिन्होंने शिविरार्थियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां देकर छात्र-छात्राओं का कैरियर मार्गदर्शन भी किया।

- **शिविर के दौरान शिविरार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन सहित मिली महत्वपूर्ण जानकारी**



शिविर में शामिल कुलपति डॉ. ललित प्रकाश पतेरिया एवं अन्य।

# संकुल स्तरीय आनंद बाल मेले का आयोजन

**पामगढ़।** संकुल स्तरीय आनंद बाल मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला बांधापारा भलवाही में किया गया। इसमें संकुल सिल्ली के शास प्राथमिक शाला हेडसपुर, शास प्राथमिक शाला भलवाही, शासकीय प्राथमिक शाला बांधापारा भलवाही, शास पूर्व मा शाला हेडसपुर, शास पूर्व मा शाला भलवाही से शिक्षक-शिक्षिका के साथ सभी छात्रों ने सहभागिता निभाया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों को एक मंच मिलता है जिसमें वे अपने हुनर का प्रदर्शन करते हैं, उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। निश्चित ही बाल मेला में बच्चों को आनंद मय मौहाल में बहुत कुछ सीखने को मिलता है, जहां बच्चे खेल खेल में जीवन से जुड़ी महत्व पूर्ण अंग व्यापार करना सीखते हैं इसमें लागत मूल्य के साथ लाभ हानि को जान पाते हैं। समाज में अपने योगदान के बारे में भी समझ पाते हैं। बच्चो के द्वारा लगाए विभिन्न प्रकार के पकवान से शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ साथ गांव से आए पालक भी काफी खुश नजर आएं। आनंद मेले के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमे बच्चो द्वारा देश भक्ति प्रेरणा श्रोत गाने के साथ ही मनोरंजन पूर्ण गाने पर डांस की प्रस्तुति किया गया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार निराला ने किया। आनंद बाल मेला में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी जयराम सारथी, सुश्री सुचिता भोंसले, संकुल सिल्ली के संकुल समन्वयक खमेश्वर बंजारे, श्रीमती निधिलता जयसवाल संकुल समन्वयक कन्या पामगढ़, चैतराम बनर्जी, श्रीमती निर्मला कौशिक, बल्लूराम चंद्राकर, बलिराम रात्रे, श्रीमती ऋषि गोस्वामी, श्रीमती गीता साहू, संतराम जोशी, मनीराम खांडे, विष्णु पटेल, केशव पटेल, प्रदीप कुमार लहरे सहित संकुल सिल्ली के शिक्षक-शिक्षिका व बच्चे उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शामिल अतिथि एवं अन्य।

# जयस्तंभ की परिक्रमा कर चढ़ाया श्वेत ध्वज

**चांपा।** गुरु घासीदास की 267वीं जयंती गुरु पर्व समरसता एवं सद्भावना दिवस के रूप में सोमवार 18 दिसंबर को ग्राम कुरदा में हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर ग्राम जाटा से आए पंथी भजन गीत संगीतकारों ने संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के सद्विचारों और उपदेशों, सतनाम के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने अपने मधुर पंथी भजन के माध्यम प्रवाहित किया। इस अवसर पर नारीशक्तियो ने फूलो और दीपक से सजी थाली में आरती के साथ जोड़ा जयस्तंभ का परिक्रमा कर बाबा जी की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मानव समाज में शांति सद्भावना, समरसता, भाईचारे और समाज की आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण की कामना की। तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजक पुरुषोत्तम बंजारे एवं तीजराम बंजरे ने सत्य के प्रतीक जोड़ा जयस्तंभ पर श्वेत ध्वजा रोहन किया। इस अवसर जी आर पाटले, आर जी खूंटे, समरूराम मनहर, कुमार गौरव मिरी रामलाल बंजारे, ड़ी पी पाटले, रेणुका पाटले, मदन बंजारे, मोहन बंजारे, सुंदर लाल भार्गव, विनोद, महेंद्र बंजारे, कुर्रे, जगनारायण रात्रे , जगन्नाथ रात्रे , प्रेमसागर माथुर, रविकुमार अनंत, अजय बंजारे, किसान, सचिन बंजारे, संजय बंजारे, पतिराम लहरे, विनोद मधुकर, राजेश मनहर,फिरतू पाटले, कुशल खरे, कारण बंजारे, ठंडाराम बंजारे, रविशंकर बंजारे, विजय शंकर खांडे, ज्ञानदास , दिलचंद लहरे, कृष्णकुमार डहरिया, कोमल बंजारे, शिवकुमार बंजारे, सहित बड़ी संख्या में युवा, महिला एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल समाज के लोग।

# सुशासन दिवस के रुप में मनाई जाएगी पूर्व पीएम वाजपेयी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर सोमवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। साथ ही जिले मे 25 दिसंबर को वर्ष 2014-15 के 46633 एवं 2015-16 के 51146 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के लंबित बोनस राशि का भुगतान किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीण और नगरीय निकायों में स्वच्छता पखवाड़ा 25 दिसंबर से प्रारंभ कर आगामी एक सप्ताह नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। प्रभारी कलेक्टर सुश्री दिव्या अग्रवाल ने 25 दिसंबर को सुव्यवस्थित और गरिमामय सुशासन दिवस आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश सभी ग्रामीण और नगरीय निकाय स्तरीय अधिकारियों को दिये है। राज्य शासन के निर्देशानुसार इस अवसर पर 25 दिसंबर के पूर्व जिले में पूर्व से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई, आवश्यक मरम्मत आदि कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। 25 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आम जनता की उपस्थिति में सुबह 10 बजे अटल चौक में कार्यक्रम प्रारंभ किया जाना है। इसी तरह नगरीय निकायों में भी 25 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में सुबह 10 बजे अटल चौक में प्रारंभ किया जाना है।



## जिला और जनपद स्तर पर भी आयोजित होंगे कार्यक्रम

जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत जेठा के अटल चौक में दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कार्यक्रम तथा संकल्प कार्यक्रम हाई स्कूल मैदान जेठा में आयोजित होगा। जनपद स्तरीय कार्यक्रम जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत जेठा में ही, जनपद पंचायत मालखरौदा अंतर्गत कार्यक्रम ग्राम पंचायत मालखरौदा के अटल चौक में, जपं जैजैपुर अंतर्गत कार्यक्रम ग्राम पंचायत पेंड्री के अटल चौक में और जपं डभरा अंतर्गत कार्यक्रम ग्राम पंचायत गोपालपुर के अटल चौक में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को जिला स्तरीय सुशासन दिवस के कार्यक्रम में और जनपद स्तरीय अधिकारियों को जनपद स्तरीय कार्यक्रम में और ग्राम पंचायत स्तरीय अमलों को ग्राम पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।







